श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
नई दिल्ली-110016

अति आवश्यक
स्मरण पत्र

एफ.3/(एम. फिल.)/एल.बी.एस.वि./2020-21/3189 10/03/2021

सूचना

विषय: विशिष्टाचार्य कक्षा (2019-20) के छात्रों द्वारा लघु-शोध प्रबन्ध जमा करवाने के संदर्भ में।

कार्यालय सूचना संख्या एफ 3/01एल.बी.एस.वि./शैक्षणिक/2020-21/2480 दिनांक 04.09.2020, संख्या एफ 3/01एल.बी.एस.वि./शैक्षणिक/2020-21/2699 दिनांक 18.11.2020 एवं संख्या एफ 3/01एल.बी.एस.वि./शैक्षणिक/2020-21/2896 दिनांक 20.01.2021 के अनुसार सूचित किया गया था कि शैक्षणिक सत्र 2019-20 में विशिष्टाचार्य कक्षा के सभी छात्रों को शैक्षणिक नियम परिचायिका एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनिमय-2016 में प्रदत प्रावधानों के अनुसार अपना लघु-शोध प्रबन्ध जमा करवाना अनिवार्य है।

प्राय: यह पाया गया है कि लघु-शोध प्रबन्ध जमा करने से सम्बन्धित निरन्तर सूचना जारी करने के बावजूद भी विशिष्टाचार्य कक्षा के 15 छात्रों द्वारा (सूची संलग्न) अपना लघु-शोध प्रबन्ध निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शैक्षणिक विभाग में जमा नहीं करवाया है। इस संदर्भ में सम्बन्धित विभागध्यक्षों से अनुरोध है कि उक्त विषय की अनिवार्यता को संज्ञान में लेते हुए अपने-अपने विभागो के छात्रों को उचित निर्देश देने का कष्ट करें कि छात्र अपना लघु-शोध प्रबन्ध शैक्षणिक विभाग में दिनांक 17.03.2021 तक अनिवार्य रूप से जमा करवाएं ताकि अग्रिम कार्यावाही हेतु लघु-शोध प्रबन्ध परीक्षा विभाग को प्रेषित किये जा सकें।

सम्बन्धित छात्र द्वारा लघु-शोध प्रबन्ध जमा न करवाने की स्थिति में छात्र स्वयं उत्तरदायी होगा तथा विश्वविद्यालय में उसका पंजीकरण भी निरस्त किया जा सकता है।

/
सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ:-

1. सम्बन्धित संकाय प्रमुख/विभागाध्यक्ष
2. उपकुलसचिव (परीक्षा एवं शैक्षणिक)
3. कुलपति/कुलसचिव के निजी सचिव
4. संगणक विभाग (सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)
5. समस्त सूचना पट्ट
6. सम्बन्धित पंजिका
7. कार्यालय आदेश पंजिका

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)